उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड
110, औद्योगिक आस्थान, फजलगंज, कानपुर–208012

निगम मुख्यालय में कर्मचारियों/अधिकारियों को कॉफी, चाय, दूध, नास्ता व स्वलपाहार उपलब्ध कराने के लिए कैंटीन चलाये जाने हेतु मुहरबन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। कैंटीन में कर्मचारियों के बैठने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। कैंटीन के मासिक किराये के अलावा बिजली का कनेक्शन स्वयं से कराना होगा।

निगम कर्मचारी/अधिकारी कैंटीन में उपलब्ध कॉफी, चाय, दूध, नास्ता व स्वलपाहार आदि नकद भुगतान करके अथवा उपलब्ध कूपनों के आधार पर क्रय करेंगे। खाने–पीने की आपूर्ति हेतु गुणवत्ता, कैंटीन की साफ–सफाई सुनिश्चित करना आवश्यक होगा। कैंटीन चलाने वाले ठेकेदार को धरोहर धनराशि के रू0 10,000.00 (रू0 दस हजार मात्र) बैंक ड्राफ्ट, प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 लघु उद्योग निगम लि0, कानपुर के नाम से निविदा के साथ जमा करना आवश्यक होगा।

कैंटीन चलाने के इच्छुक ठेकेदार विक्रय की जाने वाली वस्तुओं की सूची न्यनतम दरों सहित निविदा के साथ संलग्न करें।

निविदायें दिनॉक 23.02.2023 तक सायं 6.00 बजे तक प्राप्त की जायेंगी एवं दिनॉक 24.02.2023 को निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। आमन्त्रित निविदाओं में से एक या समस्त निविदाओं को अस्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित होगा।

विभागीय प्रबन्धक
नजारत